कार्यालय : जिला एवं सेशन न्यायाधीश, भीलवाड़ा

क्रमांक : 320 /स्था./2025 दिनांक : 29.10.25

: : आ दे श : :

इस कार्यालय द्वारा वर्ष 2025 में शेरिस्तेदार/रीडर ग्रेड– तृतीय व लिपिक ग्रेड–। के रिक्त पदों पर तदर्थ एवं अस्थायी आधार पर जारी पदोन्नति आदेश के संबंध में प्राप्त अभ्यावेदन के संबंध में पदोन्नति समिति द्वारा प्रेषित रिपोर्ट एवं समीक्षा रिपोर्ट के आधार पर इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 73/स्था/2025 दिनांक 19.02.2025 को अपास्त किया जाकर निम्नांकित लिपिक ग्रेड द्वितीय कर्मचारीगण को राजस्थान जिला न्यायालय मंत्रालयिक संस्थापन नियम 1986 समय समय पर यथा संशोधित नियम के तहत रीडर ग्रेड–।।।/शेरिस्तेदार ग्रेड–।।।/लिपिक ग्रेड–। के पद पर पदोन्नति हेतु पात्रता रखने के कारण इनके नाम के सम्मुख अंकित तिथि से पूर्णतः अस्थाई तौर पर रीडर ग्रेड–।।।/शेरिस्तेदार ग्रेड–।।।/लिपिक ग्रेड–। के पद पर राजस्थान सरकार विधि एवं विधिक कार्य विभाग के पत्र संख्या प.26(35)न्याय/2017 पार्ट दिनांक 02.11.2017 के अनुरूप वेतन श्रृंखला **5200–20200 ग्रेड–पे 2800/– एवं राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमांक एफ. 15(1)एफडी/रूल्स/2017 दिनांक 30.10.2017 एवं संशोधित आदेश क्रमांक एफ. 15(1)एफडी/रूल्स/2017 दिनांक 09.12.2017 के तहत नियमानुसार पे–मैट्रिक्स में लेवल एल–08** के अनुसार वेतन स्वीकृत किया जाकर निम्नानुसार पदोन्नत किया जाता है :–

क्रम संख्या	कार्मिक का नाम व पद	पदोन्नती होने की दिनांक	विशेष विवरण
1	श्री मुकेश कुमार छीपा	01.04.2016 से 31.12.2019 तक	–
2	श्री प्रताप नोगिया	06.08.2018	–
3	श्री तेजकुमार टेलर	01.01.2020	
4	श्री सत्यनारायण मीणा	01.04.2020	–
5	श्री राज भाणावत	01.04.2020	–
6	श्री गजेन्द्र सिंह	31.08.2020	–
7	श्रीमती रत्ना चौहान	28.09.2020	–
8	श्री योगेश कुमार कोली	28.09.2020	–
9	श्री नूर मोहम्मद	28.09.2020	–
10	श्री अभिषेक त्रिपाठी	31.10.2020	–
11	श्री राहुल कुमार पोरवाल	31.10.2020	–
12	श्री राहुल धाकड़	01.12.2020	–
13	श्री महेश कुमार सैनी	01.01.2021	–
14	श्री सुरेन्द्र कुमार	31.05.2021	–
15	श्री कुंजबिहारी शर्मा	31.05.2021	–
16	श्री सुरेश कुमार मीणा पुत्र श्री रणजीत लाल मीणा	31.05.2021	–
17	श्री ललित मेवाड़ा	01.06.2021	–
18	श्री प्रकाश मीणा	01.07.2021	
19	दीपिका डाबी	28.09.2021	–
20	श्री गोपाल लाल पुरोहित	05.12.2021	–

नोट :–

01. उक्त पदोन्नति आदेश का इन्द्राज कर्मचारी की सेवापुस्तिका में किया जावे एवं नियमानुसार कर्मचारी का वेतन नियतन किया जावे। कर्मचारी को उक्त पदोन्नति का काल्पनिक लाभ पदोन्नति तिथि से तथा नकद लाभ कार्यभार ग्रहण की तिथि से देय होगा।

02. उपरोक्त पदोन्नति पूर्णतः अस्थाई तौर पर की जा रही है, कर्मचारियों का कार्य, व्यवहार व आचरण संतोषजनक नहीं पाये जाने अथवा पदों में किसी प्रकार की कमी होने अथवा किसी पूर्व कर्मचारी की पुनः नियुक्ति होने पर, कर्मचारी के किसी भी दस्तावेज

29/10/25

में कोई कमी पाई जाने पर इन्हें बिना किसी नोटिस के इनके पूर्व पद पर पदावनत किया जा सकेगा।

03. उक्त पदोन्नतियां माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर में लंबित सभी रिट याचिकाओं के अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगी तथा राज्य सरकार व माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा समय–समय पर जारी किए जाने वाले निर्देशों/आदेशों के अधीन अन्यथा पाए जाने पर, उक्त आदेश में परिवर्तन/संशोधन किया जा सकेगा।

04. उक्त कर्मचारीगण के पदस्थापन आदेश पृथक से प्रसारित किये जाएंगे।

05 माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर में पदोन्नति आदेश के संबंध में लंबित समस्त रिट याचिकाओं के निर्णयाधीन उक्त आदेश में परिवर्तन के फलस्वरूप यदि कोई कर्मचारी उपरोक्त आदेशानुसार पदावनत होता है तो उसके द्वारा आहरित की गई अधिक राशि नियमानुसार वसूलनीय होगी।

06. यदि कर्मचारी पूर्व से ही रीडर ग्रेड–।।।/शेरिस्तेदार ग्रेड–।।।/लिपिक ग्रेड प्रथम के पद का वेतनमान चयनित वेतनमान के रूप में वेतन आहरित कर रहे हो तो, इस पदोन्नति परिणामस्वरूप राजस्थान सेवा नियम के नियम 26–ए के अन्तर्गत इस पदोन्नति पर वेतन नियतन का कोई लाभ देय नहीं होगा।

Ajanta 29/10/2025

जिला एवं सेशन न्यायाधीश,
भीलवाड़ा

क्रमांक: स्था/2025/5447 to 5480 दिनांक : 29/10/25

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1– संबंधित न्यायालय आदेश की प्रति संबंधित कर्मचारी की व्यक्तिगत पत्रावली में संलग्न कर उक्त आदेश का इन्द्राज कर्मचारी की सेवापुस्तिका मे करे एवं एक प्रति अपने अधीनस्थ सम्बंधित कर्मचारी को अपने स्तर पर दिलवाया जाना सुनिश्चित करे।

2– अध्यक्ष, पदोन्नति एवं वरिष्ठता सूची निर्धारण समिति

3– लेखानुभाग जिला न्यायालय भीलवाड़ा/संबंधित न्यायालय लेखानुभाग

4– सिस्टम ऑफिसर, जिला न्यायालय भीलवाडा को जिला न्यायालय भीलवाडा की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

5– स्थापनानुभाग, जिला न्यायालय, भीलवाड़ा

Ajanta 29/10/2025

जिला एवं सेशन न्यायाधीश,
भीलवाड़ा